## राजस्थान शिक्षक संघ ने 16 सूत्री ज्ञापन सौंपा

**चित्तौड़गढ़, 25 अक्टूबर (नसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने संगठन की 16 सूत्री मांगों के निस्तारण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा राज्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं अति. मुख्य सचिव (शिक्षा) के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सिंह सोलंकी ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश कोषाध्यक्ष कालुराम खटीक के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में दीपावली बोनस नगद देने, स्थानान्तरण नीति बनाने, एनपीएस के स्थान पर ओपीएस बहाल करने, गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति सहित 16 मांगों के निराकरण की मांग की गई। इस अवसर पर दिनेश चन्द सालवी, सूर्यकान्त तोलम्बिया, अनिल बारेसा, राजूलाल तेली, कालुराम नायक, अशोक कुमार जोशी, लक्ष्मीनारायण बैरवा, रवि मोहनपुरिया सहित कई शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेगूं में आज 6 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**बेगूं, 25 अक्टूबर (जसं.)।** आवश्यक रखरखाव के चलते मंगलवार को 6 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता हवा सिंह गुर्जर ने बताया कि दीपावली पर्व पर विद्युत लाईनो के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते मंगलवार प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक अहिंसा सर्किल, मिस्त्री मार्केट, पुराना बस स्टैंड, लालबाई फूलबाई चौक, गंगाजलिया, चेची मार्ग, बड़ौदिया महादेव मार्ग विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### 'अनइक्वल पे जेंडर डिस्क्रिमिनेशन एट वर्क प्लेस' वेब संगोष्ठी


# लैंगिक समानता तभी आएगी जब हम महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता बदलेंगे : सान्याल

**गंगरार, 25 अक्टूबर (जसं.)।** लैंगिक समानता तभी आएगी जब हम महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता को बदलेंगे। मातृत्व अवकाश के साथ-साथ पितृत्व अवकाश पर भी ध्यान देना होगा।

यह विचार राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार नई दिल्ली और मेवाड़ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को आयोजित 'अनइक्वल पेः जेंडर डिस्क्रिमिनेशन एट वर्कप्लेस' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी में पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश सुतापा सान्याल ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने असंगठित क्षेत्रों को भी संगठित होने की जरुरत बताई। वेब संगोष्ठी की मुख्य वक्ता मोहन लाल सुखाड़िया विश्विद्यालय उदयपुर की प्रोफेसर अरुण प्रभा चौधरी ने कृषि क्षेत्र में लैंगिक आधार पर असमान वेतन के मुद्दे पर बोलते हुए महिलाओं को अधिक से अधिक मालिकाना हक देने की बात कहते हुए बताया कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र में महिलाओं की बहुलता है, लेकिन आंशिक कारणों से उनकी जमीन् का हिस्सा उन्हें न देकर पुरुष को दे दिया जाता है। महिलाओं को निर्णय लेने की आजादी की भी उन्होंने वकालत की।




इसी तरह ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के पत्रकारिता विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. तनु डंग ने मीडिया क्षेत्र में लैंगिक आधार पर असमान वेतन के मुद्दे पर मीडिया क्षेत्र में मजीठिया आयोग को लागू करने की बात की। उन्होंने कहा कि मीडिया सेक्टर में महिलाओं को कम अवसर मिलता है, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इंटर्न पर ही पूरा मीडिया उद्योग फल-फूल रहा है। मीडिया छात्रों को रोल पर मीडिया संस्थान रखने से बचते हैं, यह भी एक बड़ी समस्या है। शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक असमानता विषय



पर बोलते हुए लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर वीमेन दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ. तृप्ति बस्सी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की साक्षारता आज भी पुरुषों की तुलना में कम है, जो चिंतनीय है। उन्होने लैंगिक समानता पर बने विभिन्न कानूनों का हवाला देते हुए अवसर की समानता पर जोर दिया।

कॉर्पोरेट क्षेत्र में लैंगिक आधार पर असमान वेतन विषय पर बोलते हुए आजाद इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ की सहायक प्रोफेसर डॉ. दिव्या निगम ने कार्यस्थल पर महिलाओं की क्षमता पर संदेह करने पर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि समाज को इन रुढ़ियो को छोड़ना होगा तभी लड़कियां आगे आएंगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अगर लड़किया कहीं भी लिंग असामनता देखे तो उस पर आवाज उठाये और आगे आए। वेब संगोष्ठी में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का भी विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। वेब संगोष्ठी में स्वागत भाषण मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रो. वीसी आनन्द वर्धन शुक्ल ने दिया। संचालन सह संयोजक और मास मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार पाण्डेय तथा धन्यवाद संयोजिका अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया सिंगला ने किया। संगोष्ठी की रिपोर्ट डॉ. सुमित कुमार पाण्डेय ने प्रस्तुत की।

डॉ. हरी सिंह चौहान ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्षीय उद्बोधन मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.एस. राणा ने दिया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने सफल कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्रों सहित देश भर के प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

## माहेश्वरी समाज सावा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**चित्तौड़गढ़, 25 अक्टूबर (नसं.)।** माहेश्वरी समाज सावा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन के अध्यक्ष जुगलकिशोर बिड़ला, जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नानालाल भूतड़ा व नगर माहेश्वरी चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष सत्यनारायण आगाल ने मौली बंधन खोल कर किया।

माहेश्वरी समाज सावा के अध्यक्ष रामेश्वरलाल आगाल ने बताया कि समाज के इस भवन में बारात ठहरने तथा एक हजार व्यक्तियों के भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई है। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सावा माहेश्वरी समाज की एकता व कार्यकारिणी के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति, तन मन धन के समर्पण से ही विशाल माहेश्वरी भवन का निर्माण हो पाया है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं तथा सहयोगी भामाशाहों को परोपकारी कार्य में सक्रिय सहयोग देने के लिए साधुवाद दिया। समारोह में भवन निर्माण में सहयोगियों की सूची का भी अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में चित्तौड़ नगर माहेश्वरी सभा के रामेश्वरलाल काबरा, लक्ष्मी नारायण डाड, गोपाल लाल मूंदड़ा, सुनील कलंत्री, रमेश लड्ढा, विशेष आंमत्रित अतिथि के रूप में शरद सोनी व अर्जुन मूंदड़ा उपस्थित रहे।

## एकलव्य क्लासेज का शुभारंभ



**चित्तौड़गढ़, 25 अक्टूबर (नसं.)।** विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सोमवार को किदवई नगर में एकलव्य क्लासेज का शुभारम्भ डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट जगपुरा के मुख्य आतिथ्य, जिला कांग्रेस संगठन मंत्री करणसिंह सांखला एवं जिला प्रवक्ता अहसान पठान के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

संचालक गोपाल जाट मान्यास, एवी सर, विजय राम चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य अध्यापक वर्ग ने एकजुट होकर शहर में ही अध्यापन सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, इससे विद्यार्थियों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रकाश जाट मेवदा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कविश शमा, पार्षद कन्हैयालाल माली, पूर्व पार्षद गोविन्द शर्मा आदि मौजूद थे।

## क्लीन इंडिया के तहत 465 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे का संग्रहण

**कपासन, 25 अक्टूबर (जसं.)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत आरएनटी कॉलेज की मेजबानी में क्लीन इंडिया कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान की अध्यक्षता, नेहरू युवा केन्द्र जिला संयोजक सन्तोष चौहान के मुख्य आतिथ्य तथा लेखाकार गोपाल वैष्णव के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।




कार्यक्रम के ब्लॉक संयोजक धर्मराज जाट ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश को एक बार उपयोग योग्य प्लास्टिक मुक्त बनाना एवं युवाओं को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान ने युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक होने एवं अपने आस-पास के परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उपस्थित सभी युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नेहरू युवा केन्द्र जिला संयोजक सन्तोष चौहान ने एक बार उपयोग युक्त प्लास्टिक को अपने जीवन में उपयोग नहीं करने व पॉलिथिन की जगह कपड़े की थैली के उपयोग के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के एनसीसी केडेट्स द्वारा नगर बस स्टैंड पर, रोबिनहुड आर्मी, कृषि संकाय छात्र एवं एनएसएस छात्रों द्वारा दरगाह के पास, शिक्षा शास्त्री के छात्रों द्वारा नया बस स्टैंड, दीक्षा इन्टरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा माताजी मन्दिर के आस-पास सफाई का कार्य कर 465 किग्रा प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया।

कार्यक्रम में एडमिन निदेशक एससी पारीक, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अफसार अली, कृषि प्राचार्य डॉ. सुनील शर्मा, बी.एड. प्राचार्य डॉ. अनिल गोठवाल, विद्यालय प्रधानाचार्य राहुल जैन एवं ताहिर हुसैन राकेश जीनगर, हीरालाल अहीर, अरविन्द राव, दिनेश जाट, जयदेव सिंह, डॉ. मधुबाला शर्मा, डॉ. सरिता शर्मा, पीयुष नोसालिया, सुनील गवारिया, निखिल गर्ग आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## विजेता खिलाड़ियों का जुलुस निकाल किया सम्मान

**रावतभाटा, 25 अक्टूबर (जसं.)।** जिले के ओछड़ी गांव में 21 से 24 अक्टूबर तक आयोजित 65वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उपखण्ड क्षेत्र के श्रीपुरा के खिलाड़ियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सोमवार को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार यादव ने बताया कि बच्चों को तैरने के लिए यहां कोई सुविधा नही है, इसके बावजूद भी यहां के खिलाड़ी वर्ष 2015 से लगातार राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि इस बार भी जिले के ओछडी गांव में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में मुकेश भील एवं प्रेमशंकर रेगर का राज्य स्तर पर चयन हुआ है और प्रेमशंकर को 17 वर्ष आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब मिला है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सोमवार को विद्यालय स्टाफ द्वारा माला पहना कर सम्मान किया गया। इसी तरह उपखण्ड क्षेत्र के धांगडमऊ कला के 4 छात्रों का राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में चयन होने की खुशी में सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम धाकड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों व वार्ड पंचों ने चयनित खिलाड़ी विशाल कंजर, नरोत्या कंजर, अजेश कंजर, संजेश कंजर का ढोल नगाड़ा के साथ जुलूस निकाला और खिलाडियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने शारीरिक शिक्षक मनोज सोनी को भी साफा पहनाकर सम्मान किया।

## कोविड टीकाकरण कर्मियों का किया अभिनन्दन

**निम्बाहेड़ा।** देश में 100 करोड़ से अधिक निःशुल्क कोविड टीकाकरण पूर्ण होने पर भाजपा एससी मोर्चा द्वारा सोमवार को उपजिला अस्पताल में चल रहे टीकाकरण केन्द्र पर सेवाएं दे रहे चिकित्सा कार्मिको का उपरणा ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। मोर्चा अध्यक्ष विजय कुमार बैरवा ने कोरोना काल में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने पर पीएमओ डॉ. मंसूर खान एवं डॉ. प्रशांत पाटीदार का भी अभिनंदन किया। प्रवक्ता चेतन भांभी ने बताया कि इस अवसर पर एससी मोर्चा महामंत्री विक्रम खालोटिया, ओम जीनगर, उपाध्यक्ष कांतिलाल भांबी, कुंदन बारेठ, रामनारायण पहाड़िया, मंत्री सोनू मेघवाल, दिनेश धोबी सहित मेडिकल स्टॉफ के जितेंद्र सिंघवी, मनीष तोलंबिया आदि उपस्थित थे।

## उपकारागृह में क्षमता से दोगुना बंदी निरुद्ध

### >> प्राधिकरण सचिव ने किया औचक निरीक्षण



**कपासन, 25 अक्टूबर (जसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देशानुसार सोमवार को जिला प्राधिकरण सचिव भानु कुमार सचिव ने स्थानीय उप कारागृह का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उप कारागृह अधीक्षक गोपाल लाल द्वारा बताया कि उप कारागृह में क्षमता 25 की अपेक्षा 58 विचाराधीन बंदी निरुद्ध हैं। इसके बारे में हाल ही में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय को भी अवगत करया गया है तथा कारागृह प्रशासन एवं जिला प्रशासन को पत्राचार किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों से समस्याओं की जानकारी ली गई। पूछताछ में सभी बंदियों ने बताया कि कोविड-19 के दोनों डोज लगाई जा चुकी है। साथ ही नवीन आमद वाले बंदियों का कोविड-19 की जाँच के उपरान्त ही प्रवेश किया जाता है। बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता तथा वर्तमान में चल रही डेंगू की बीमारी के बारे में जानकारी ली गई। बंदियों ने साफ-सफाई एवं खान-पान की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

## चार पहलवानों का राज्य स्तर पर चयन





**चित्तौड़गढ़, 25 अक्टूबर (नसं.)।** श्री केसरियाजी जैन गुरुकुल द्वारा संचालित श्री भुवनभानु सूरीश्वर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय के 2 छात्र एवं 1 छात्रा का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

संस्थान अध्यक्ष शान्ति लाल राठौड़ कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनेतकला में आयोजित 65वीं जिला स्तरीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक कुश्ती प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालय की कक्षा 11वीं के छात्र रामनिवास गुर्जर 55 किलो वर्ग तथा राहुल गुर्जर 51 किलो 17 वर्ष आयु समूह में राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगें। इसी प्रकार विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम बार सम्मिलित बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में लक्ष्मी गुर्जर 40 किलो 17 वर्ष आयु समूह में राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगीं। यह तीनों पहलवान पहलवान सत्यनारायण व्यायामशाला के पहलवान कमल गुर्जर के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हैं।

इसी प्रकार विद्या निकेतन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रामकन्या गुर्जर का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

प्रधानाचार्य ललिता खंडेलवाल ने बताया कि विद्यालय की छात्रा रामकन्या गुर्जर ने 17 वर्ष आयु वर्ग की जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो आगामी 8 से 13 नवंबर तक चुरू में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि रामकन्या ने कुश्ती का प्रशिक्षण सत्यनारायण व्यायामशाला के प्रशिक्षक कमलेश गुर्जर से प्राप्त किया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय मंच की बैठक आयोजित



**चित्तौड़गढ़, 25 अक्टूबर (नसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय मंच की बैठक सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष सुरेश झंवर के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

नगर महामंत्री राकेश पोरवाल ने बताया कि बैठक में नव पदाधिकारी सम्मान समारोह एवं दीपावली मिलन समारोह करने का निर्णय लेने के साथ ही अग्रिम संगठनों की कार्यकारिणी का गठन कर शीघ्र घोषणा करने के लिए अग्रिम संगठन के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया। प्रदेश संगठन मंत्री ललिता वीरवाल, युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप काबरा, महिला मंच प्रदेश महामंत्री मीनू कवर सोलंकी, एससी मंच प्रदेश महामंत्री दिनेश कोदली के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित बैठक में बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम के आयोजन हेतु नगर अध्यक्ष सुरेश बांगड़ को संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक के अंत में नगर महामंत्री राकेश पोरवाल ने आभार व्यक्त किया

बैठक में जिला महामंत्री जगदीश चंद्र सोनी, नगर अध्यक्ष सुरेश बांगड़, युवा जिला अध्यक्ष महिपाल सोलंकी, महिला मंच जिला अध्यक्ष राखी राव, एसटीएससी जिला अध्यक्ष प्रकाश बोर्डे, उद्योग एवं व्यापार जिला अध्यक्ष राकेश चोपड़ा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह सोलंकी, नवीन पटवारी, राजकुमार तोलंबिया आदि उपस्थित रहे।

## शांति भंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**राशमी, 25 अक्टूबर (जसं.)।** पुलिस ने सोमवार को शांति भंग के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक नाबालिग लड़की को मोबाइल फोन पर कॉलिंग और मैसेज कर परेशान कर रहे थें। पुलिस तीनों आरोपियों को बुलाकर समझाइश का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान आरोपी आवेश में आ गए। पुलिस ने नेवरिया निवासी भीमराज पुत्र प्रभु लाल जाट, मंडपिया निवासी राहुल पुत्र भंवर लाल जाट तथा राजसमंद जिले के रेलमगरा थाना अंतर्गत काबरा निवासी सुरेश पुत्र परसराम जाट को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## जुड़ो व कुश्ती में धनेतकला लगातार पांचवे वर्ष जिला चैम्पियन

### >> जुड़ो, कुश्ती, फुटबॉल प्रतियोगिता में 14 छात्र राज्य स्तर खेलेंगे

**चित्तौड़गढ़, 25 अक्टूबर (नसं.)।** राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय धनेतकला में आयोजित पांच दिवसीय 65वीं जिला स्तरीय जुड़ो, कुश्ती, जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में धनेतकला की छात्राओं ने जिला स्तरीय चैम्पियनशिप को बरकरार रखा है।

संस्था प्रधान चन्द्रशेखर त्रिपाठी व शारीरिक शिक्षक सतीश चन्द्र जोशी ने बताया कि 8 से 13 अक्टूबर तक राउमावि आहोर जिला जालोर में जुड़ो प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयुवर्ग में टीना जाट, दुर्गा जाट, प्रियंका जाट एवं 17 वर्ष आयु वर्ग में अंजु शर्मा, योगिता सेन, नीतू तेली भाग लेंगी। इसी प्रकार इसी अवधि में राउमावि हिण्डोन सिटी, जिला करौली में आयोजित 17 वर्षीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता छात्र वर्ग में



देवकिशन तेली जिले का प्रतिनिधित्व करेगा एवं लक्ष्मीपथ सिंघानिया उमावि बालरासर तवरान जिला चुरू में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खुशी शर्मा 17 वर्ष आयु वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगी। जुड़ो छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अमरदीप बंजारा भाग लेंगे। इस प्रकार एक ही विद्यालय से कुल 14 छात्र राज्य स्तर पर भाग लेंगे। ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त कर टीम का जुलूस निकाल कर अभिनन्दन किया।

### लोधा जिले का श्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी

राउमावि सावा में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में 19 वर्षीय बालक वर्ग में स्थानीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं राकेश लोधा को जिले का श्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी घोषित किया गया। इनमें से चार छात्र राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी के साथ राबामावि धनेतकला की भी दो छात्राओं का जुड़ो प्रतियागिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ। यह सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय पूर्व प्रशिक्षण में भाग लेंगे एवं राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## राजस्थान शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा



**बेगूं, 25 अक्टूबर (जसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के उपशाखा पदाधिकारियों ने प्रदेश कार्यकारिणी आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार सोमवार को उप शाखा संरक्षक परशुराम जाट, उपशाखा अध्यक्ष अध्यक्ष रईस मोहम्मद पठान, मंत्री बालकृष्ण राठौड़, प्रवक्ता रामकल्याण गुर्जर, कोषाध्यक्ष दिनेश चौधरी, संगठन मंत्री शैतान मीणा, राधेश्याम यादव, मनोज कुमार जाटव, दिनेश मेवाड़ा सहित कई पदाधिकारियों व शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

## शिवसेना ने सिंघा उस्ताद को श्रद्धांजलि दी

**चित्तौड़गढ़, 25 अक्टूबर (नसं.)।** स्थानीय कीरखेड़ा निवासी सेवाभावी कार्यकर्ता सिंघा उस्ताद उर्फ भगतराम कीर के आकस्मिक निधन पर शिवसेना ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिवसेना के जिला प्रमुख गोपाल वेद ने बताया कि भगतराम पहलवानी में विख्यात थे, उन्होंने कई पहलवानों को पहलवानी के हुनर सिखाकर प्रशिक्षित किया तथा उन्हें शस्त्र विद्या के बारे में भी बताया। लोग उन्हें सिंघा उस्ताद के नाम से जानते थे। वेद ने बताया कि सिंघा उस्ताद पहलवानी के साथ साथ प्रशिक्षित गोताखोर भी थे जिन्होंने कई डूबते हुए लोगों की जान बचा कर उत्कृष्ट कार्य किया। इस अवसर पर शिवलाल भोई, शिवलाल माली, ईश्वर सिंह, विनोद भोई, शंभू गायरी, भैरुलाल शर्मा, पप्पू गुर्जर आदि उपस्थित थे।

**ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**
CIN : L14101RJ1994PLC008930
पंजीकृत कार्यालय : आराजी नं. 1312, उदयपुर-भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़-312001(राज.) E-mail: inanimarble@gmail.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मण्डल की बैठक 02 नवम्बर, 2021 मंगलवार को 3.00 p.m. कंपनी के पंजीकृत कार्यालय आराजी नं. 1312, माताजी की पाण्डोली, चित्तौड़गढ़-312001 (राज.) में 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त हुए तिमाही एवं छमाही के अन-अंकेक्षित वितीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी।

निवेशक कम्पनी की वेबसाईट www.inanimarbles.com एवं स्टॉक एक्सेंज की वेबसाईट www.bseindia.com पर मण्डल की बैठक का विवरण देख सकते हैं।

मण्डल के आदेशानुसार
वास्ते- ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
Sd/- मधुबाला शर्मा (कम्पनी सचिव)
स्थान-चित्तौड़गढ़
दिनांक-25.10.2021

consumer s eponymo- d other sta- popular tea

it," he said, adding ... uld look to raise prices slightly to boost margins, while cutting package sizes. **Reuters**

DP

# ITED

Pradesh, India
e: www.dpjewellers.com

| ended 30/09/2021 vs Q2 FY20-21) |
|---|
| % |
| % |
| % |

## ENDED ON 30th SEPTEMBER, 2021

(₹ in Lakh except EPS)

| Quarter Ended | | Year Ended |
|---|---|---|
| 30th Sept. 2021 Unaudited | 30th Sept. 2020 Unaudited | 31st March 2021 Audited |
| 44,827.29 | 17,217.63 | 1,21,828.36 |
| 1,455.25 | 951.64 | 3,663.53 |
| 1,455.25 | 951.64 | 3,663.53 |
| 1,083.57 | 711.83 | 2,740.19 |
| 1,083.57 | 711.83 | 2,740.19 |
| 2,225.49 | 2,225.49 | 2,225.49 |
| 8,992.47 | 5,786.12 | 7,482.45 |
| | | |
| 4.87 | 3.20 | 12.31 |
| 4.87 | 3.20 | 12.31 |

...hange of India Limited under Regulation 33 of the SEBI ...r the quarter ended 30th September, 2021 are available ...l results have been prepared in accordance with the ...s Act, 2013, read with relevant rules issued thereunder ...g Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, ...lone Audited Financial Results is as under;

| Quarter Ended | | Year Ended |
|---|---|---|
| 30th Sept. 2021 Unaudited | 30th Sept. 2020 Unaudited | 31st March 2021 Audited |
| 44,827.49 | 17,217.63 | 1,21,828.36 |
| 1,457.45 | 951.64 | 3,669.55 |
| 1,085.78 | 711.83 | 2,746.21 |

For, **D. P. Abhushan Limited**
-sd-
...ntosh Kataria, (Whole Time Director), DIN 02855068

deepak

bajaj CONSUMER CARE

**Bajaj Consumer Care Limited**
CIN: L01110RJ2006PLC047173
Regd. Office : Old Station Road, Sevashram Chouraha, Udaipur 313 001, Rajasthan
Phone: 0294-2561631-32 ● Website: www.bajajconsumercare.com
Email: complianceofficer@bajajconsumer.com

## NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled on Monday, November 1, 2021, inter alia, to consider, approve and take on record the Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter and half year ended September 30, 2021.

The information contained in this Notice is also available on the website of the Company i.e. www.bajajconsumercare.com and also on the website of the Stock Exchanges, where shares of the Company are listed i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com.

For Bajaj Consumer Care Limited
Sd/-
Vivek Mishra
Head-Legal & Company Secretary
Membership No. A21901

Date : October 23, 2021
Place : Mumbai

bajaj GROUP

# Inani Marbles & Industries Limited

CIN : L14101RJ1994PLC008930
Regd. Office: ARAJI No. 1312, Udaipur-Bhilwara Highway, Near Mataji Ki Pandoli, Chittorgarh (Raj.) 312001,E-mail: inanimarble@gmail.com

## NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, notice is hereby given that Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, 02nd November, 2021 at 3.00 p.m. at Registered Office ARAJI No.1312 Mataji Ki Pandoli Chittorgarh (Raj.) 312001 to inter-alia, consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended on 30th September, 2021.

The notice is also available on the Company's website at www.inanimarbles.com and on the website of the Stock Exchange at www.bseindia.com

For: **Inani Marbles & Industries Ltd.**
Sd/- Madhu Bala Sharma
(Company Secretary)

Place: Chittorgarh
Date : 25.10.2021

# GUJARAT STATE ELECTRICITY CORPORATION LTD.

VIDYUT BHAVAN, RACE COURSE, VADODARA, INDIA - 390007
Phone Nos: 91-265-6612341, Fax: 91-0265-2355195
e-mail: cefuel.gsecl@gebmail.com | Website : www.gsecl.in
CIN: U40100GJ1993SGC019988

**Tender Notice No. GSECL/ Fuel/ WCL/ Transportation/ 2021 :**

Lifting and transportation of coal from WCL Penganga mine & Mungoli Mines to own/Pvt Siding by Road Transportation and loading into coal wagons for dispatch to GSECL Power Stations.

GSECL invites the above tenders from eligible bidders through e-tendering process.

The Tender Specification and Bidding Documents may be downloaded from the websites **https://gsecl.nprocure.com** or **https://www.nprocure.com** (For VIEW, DOWNLOAD & ON-LINE SUBMISSION) and **www.gsecl.in** (For VIEW & DOWNLOAD). Interested and eligible bidders may submit their "On-line Tender" and "Physical Tender" as prescribed in the Tender Document before the due date and time of submission. Please be in touch with the Websites for corrigendum, etc. if any, till the last date of submission of bids.

**Chief Engineer (Fuel)**
**GSECL, Corporate Office, Vadodara, Gujarat (India)**